भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

सामान्य प्रशासन शाखा
महानगर दूरसंचार भवन
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जाकिर हुसैन कालेज के निकट,
नई दिल्ली–110002

नं. 16–2/2019–जीए

दिनांकः 30 अक्तूबर, 2019

सीमित निविदा पूछताछ (एलटीई)

सेवा में

| | | | |
|---|---|---|---|
| | मैसर्स आकांक्षा इम्प्रेशन्स<br>18/ 36 स्ट्रीट नं.5 रेलवेलाईन साईड, आनंद पर्बत इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली | 6 | मैसर्स चन्दु प्रेस<br>डी–97, शकरपुर, दिल्ली– 110092 |
| 2, | मैसर्स हरि ओम ट्रेडर्स<br>बी–4/60, यमुना विहार, दिल्ली – 110053, | 7 | मैसर्स यू.एस. ग्राफिक्स<br>डब्ल्यू पी–315, वजीरपुर गांव, अशोक विहार दिल्ली– 110052 |
| 3 | श्री गणेश एसोसिएटस<br>सी–83/11, अर्जुन गली नं.7, मोहनपुरी, मौजपुर, दिल्ली– 110053 | 8 | मैसर्स ग्राफिक्स वर्ल्ड<br>1818, उदय चन्द मार्ग, कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली |
| 4 | अरिहन्द ऑफसेट<br>प्लॉट नं 212 एफएण्ड 229, नांगली, सकरावती, इंडस्ट्रियल एरिया, नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली– 110043 | 9 | अग्रवाल एजेन्सीज<br>5776, न्यू चन्द्रावल, कमला नगर, दिल्ली–110007 |
| 5 | मैसर्स स्क्रीन'ओ' ग्राफिक्स<br>डबल्यूजेड–485/ 9ए, बसईदारापुर, नई दिल्ली–110015 | 10 | मैसर्स ग्लोबल इंफोटेक,<br>219–ए, शाहपुर जाट, ग्राउंड फ्लोर, हौज खास के पास, नई दिल्ली–110049 |

विषयः भादूविप्रा कार्यालय, नई दिल्ली में विजिटिंग कार्ड, लेटर पैड, वाउचर, स्लिप पैड और रजिस्टर के मुद्रण कार्य के लिए सीलबंद दर कोटेशन आमंत्रित करने के लिए नोटिस।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) की ओर से अधोहस्ताक्षरी को निर्देश दिया गया है कि अनुबंध 1 में दिए गए तकनीकी विवरणों के अनुसार और अनुबंध 2 में दी गई निर्धारित दरों के अनुसार आवश्यक मुद्रण और आपूर्ति मदों के लिए सीलबंद सीमित निविदा जांच (एलटीई) आमंत्रित करने का निदेश हुआ है और यह नीचे दिए गए नियमों और शर्तों के अनुसार होगाः –

<u>एलटीई की निबंधन और शर्तें</u>

1. इस निविदा में भागीदारी केवल निमंत्रण द्वारा है और यह चुने हुए प्रिंटर तक ही सीमित है। अनापेक्षित प्रस्तावों को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। तथापि, भविष्य में ऐसी निविदाओं में भाग लेने की इच्छा रखने वाले प्रिंटर को अगले एलटीई में भाग लेने के लिए अधोहस्ताक्षरी/ भादूविप्रा को सूचित किया जा सकता है ।

2. एलटीई भादूविप्रा द्वारा प्रस्तुत फार्म में होना चाहिए और उसमें सुधार/ उपरिलेखन नहीं होनी चाहिए। यदि कोई अपरिहार्य सुधार है तो उसे ठीक से सत्यापित किया जाना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर टेंडर पर विचार नहीं किया जाएगा। पेंसिल से लिखे टेंडर पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. बोलीदाता को इस एलटीई के अनुबंध–1 में निर्दिष्ट विनिर्देशों और शर्तो के अनुसार भादूविप्रा कार्यालय को अनुसूची में दी गई वस्तुओं का मुद्रण और आपूर्ति करनी होगी। इच्छुक बोलीदाता को निविदा में बोली का हवाला देने से पहले नमूने देखने के लिए कार्यालय का दौरा करने की सलाह दी जाती है।

4. बोलीदाता को अनुबंध–2 में दी गई दरों की अनुसूची के अनुसार अपनी दरों को कोट करना होता है। एल–1 का निर्णय भादूविप्रा द्वारा एसओआर में इंगित मात्रा के आधार पर समग्र लागत को फर्म द्वारा कोट की गई दर से गुणा करके किया जाएगा। दर को सभी करों को शामिल करते हुए उद्‌धृत किया जाना चाहिए।

5. भादूविप्रा के पास व्यक्तिगत मदों द्वारा प्रस्ताव को स्वीकार करने और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है और यह सबसे कम कोटेशन को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है।

6. भादूविप्रा के पास भादूविप्रा के हित में करार को अंतिमरूप देने के उद्देश्य से आवश्यक माने जाने पर किसी भी स्तर पर किसी भी निविदा की शर्तो में ढील या संशोधन करने का अधिकार भी है।

7. निविदा दस्तावेजों का एक पूरा सेट भादूविप्रा की वेबसाइट http://www.trai.gov.in/content/Tender.aspx और सीपीपी पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। यदि बोलीदाताओं को बोली दस्तावेज के किसी भी नियम और शर्तों के संबंध में किसी स्पष्टीकरण की आवश्यकता होती है, तो बोलीदाता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से पहले स्वयं या टेलीफोन के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी से स्पष्टीकरण मांग सकते हैं।

8. कृपया बताएं कि क्या आपकी फर्म बड़े पैमाने वाला उद्योग है। यदि आपके पास एनएसआईसी/ एमएसई/ एमएसआई/ डीजीएस एंड डी प्रमाण पत्र है और आप ईएमडी राशि जमा करने से छूट की मांग कर रहे है, तो कृपया उसे कोटेशन के साथ संलग्न करें। अपने प्रिंटर पंजीकरण विवरण का उल्लेख करें।

9. प्रारंभिक चरण में, यह करार सुरक्षा जमा राशि जमा करने की तारीख से दो साल की अवधि के लिए किया जाएगा। भादूविप्रा के पास आपसी रूप से स्वीकार्य नियमों और शर्तो पर इसे एक या अधिक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाने का विवेकाधिकार होगा। हालांकि भादूविप्रा और सफल बोलीदाता के बीच एक औपचारिक करार पर अलग से हस्ताक्षर किए जाएंगे।

10. तथापि,फर्म पर करार की अवधि के बाद कमसे कम 3 (तीन) महीने या नए अनुबंध को अंतिम रूप दिए जाने तक, इनमें से जो भी पहले हो, उन्ही दरों पर काम जारी रखने का उत्तरदायित्व होगा।

11. जीएसटी पंजीकरण संख्या के लिए पंजीकरण का प्रमाण संलग्न किया जाना चाहिए। यदि निविदाकर्ता जीएसटी के अंतर्गत नहीं आता है तो एक स्व प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

12. भादूविप्रा किसी भी स्वतंत्र स्रोत से बोलीदाता द्वारा आपूर्ति की गई मुद्रित वस्तुओं के कागज के नमूने की जांच/परीक्षण करने के लिए स्वतंत्र होगा जिसके लिए बोलीदाता द्वारा सभी आवश्यक सहयोग/प्रलेखन प्रस्तुत किए जाएंगे।

13. कोट की गई कीमतें आपूर्ति पूरी होने तक बनी रहनी चाहिए। कृपया दरों को शब्दों और आंकड़ों में कोट करें। उद्धृत दरें सभी शुल्कों सहित गंतव्य पर मुफ्त डिलीवरी की होनी चाहिए अन्यथा एलटीई को अस्वीकार किया जा सकता है। यदि कोटेशन में, 'कहां के लिए' के संबंध में कोई संकेत नहीं है, तो इसे गंतव्यों के लिए माना जाएगा।

14. यदि भादूविप्रा कार्यालय वर्तमान स्थान से एनसीआर में किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो जाता है, तो विक्रेता द्वारा आपूर्ति नए स्थान पर की जाएगी। फर्मको अपेक्षित सामान की जहां और जब भी जरूरत पड़े जल्दी आपूर्ति करनी होगी और सामान्य आपूर्ति में यह आदेश जारी करने की तिथि से पांच दिन के अंदर की जानी चाहिए।

15.बोलीदाता द्वारा, जहां लागू हो, बोली दस्तावेज के साथ धरोहर राशि (ईएमडी) के रूप में 6,000 रुपये,(छः हजार रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट/ पे आर्डर, जो कि 'नई दिल्ली' पर देय ष्भादूविप्रा के पक्ष में हो, संलग्न किया जाना चाहिए, जो निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद वापस किया जाएगा। यदि बोलीदाता को एल–1 घोषित किया जाता है और वह निर्धारित समय के भीतर सिक्योरिटी डिपोजिट जमा करने में विफल रहता है, तो ईएमडी जब्त कर लिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज लागू/ देय नहीं होगा।

16. सफल निविदाकर्ता जिसकी दरें अंततः स्वीकार कर ली जाती हैं, को वर्क ऑर्डर जारी करने से 15 दिनों के भीतर सिक्योरिटी डिपोजिट/ निष्पादन गारंटी के रूप में 24 महीने के अनुबंध मूल्य की 10ः की राशि जमा करनी होगी। पीबीजी अनुबंध के पूरा करने की तारीख से 60 दिनों की अवधि के लिए वैध होना चाहिए।

17. सिक्योरिटी डिपोजिट/ निष्पादन गारंटी जमा करने के बाद सफल बोलीदाता के साथ औपचारिक करार पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। यदि निविदाकर्ता उक्त शर्त को पूरा करने या उसका अनुपालन करने में विफल रहता है, तो वह ईएमडी की राशि जब्त किए जाने के लिए उत्तरदायी होगा।

18. सिक्योरिटी डिपोजिट/ पीबीजी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा और अनुबंध अवधि के सफल होने के बाद ही सिक्योरिटी डिपोजिट/ पीबीजी वापस/ जारी किया जाएगा।

19. भादूविप्रा के पास देरी से डिलीवरी किए जाने के कारण हुइ किसी नुकसान का पैनल्टी लगाकर वसूलने का अधिकार होगा। निर्धारित अवधि के भीतर सामग्री की आपूर्ति न करने पर भादूविप्रा को अधिकतम 5 प्रतिशत (पांच प्रतिशत) के अधीन प्रति दिन दंड के रूप में कवर किए गए मद के कुल मूल्य के 1/2 प्रतिशत (आधा प्रतिशत) की दर से जुर्माना लगाने का अधिकार होगा, जब तक कि वितरण अवधि की समाप्ति से पहले वैध आधार पर कार्यालय से लिखित रूप में अवधि को बढ़ाने का अनुमोदन प्राप्त नहीं किया जाता।

20. यदि आपूर्ति नहीं की जाती और उसके कारण भादूविप्रा को जोखिम और लागत पर कहीं और से काम करवाना पड़ता है, तो उससे होने वाले नुकसान या क्षति को चूककर्ता के सिक्योरिटी डिपोजिट से वसूल किया जाएगा। खराब गुणवत्ता वाले कार्य करने की स्थिति में सिक्योरिटी डिपोजिट को जब्त कर लिया जाएगा।

21. किसी भी सूरत में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। भादूविप्रा द्वारा अनुमोदित मूल्यों पर वस्तुओं को प्राप्त करने के बाद बिल का भुगतान किया जाएगा यदि वस्तुओं को ठीक पाया जाता है।करार के तहत किसी दायित्व को पूरा न करने या कोई आपूर्ति न किए जाने की शिकायत के मामले में, भादूविप्रा को मासिक बिल (बिलों) से फर्म से देय भुगतान को काटने का अधिकार होगा। भुगतान आरटीजीएस/ एनईएफटी के माध्यम से किया जाएगा। टीडीएस और अन्य सभी करों को समय–समय पर लागू कानूनों के अनुसार काटा जाए।

22. किसी भी मंत्रालय/विभाग द्वारा किसी भी समय काली सूची में डाले गए फर्म को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। यदि तथ्य को छुपाया जाता है, और यह भादूविप्रा के ध्यान में आता है, तो करार की अवधि के दौरान, करार को सीधे समाप्त कर दिया जाएगा, और सिक्योरिटी डिपोजिट जब्त कर लिया जाएगा। यदि करार दिए जाने से पहले यह तथ्य नोटिस में आता है, तो उसकी बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा और निविदा एल2 बोलीदाता को दी जा सकती है। अनुबंध–III के अनुसार इस आशय की घोषणा करनी होगी कि निविदाकर्ता को केन्द्र/राज्य सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है या पिछले 3 वर्षों के दौरान खराब प्रदर्शन के कारण इसके करारों को समाप्त नहीं किया गया है।

23. बोलीदाता को एलटीई के खुलने की तारीख से 90 (नब्बे) दिनों की अवधि के लिए पेशकश को खुला रखना होगा।

24. बोलीदाता को अपनी बोली के साथ इस एलटीई की विधिवत हस्ताक्षरित प्रति संलग्न करनी होगी।

25. किसी भी मामले में भादूविप्रा और फर्म के बीच उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद के मामले में, यह मामला सलाहकार (ए), भादूविप्रा के पास भेजा जाएगा जो स्वयं एकमात्र मध्यस्थ के रूप में कार्य कर सकता है या भादूविप्रा के किसी अधिकारी को एकमात्र मध्यस्थ के रूप में नामित कर सकता है, इस तथ्य के बावजूद कि ऐसा अधिकारी अनुबंध से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। फर्म एकमात्र मध्यस्थ के रूप में भादूविप्रा के ऐसे अधिकारी की नियुक्ति के लिए कोई आपत्ति उठाने की हकदार नहीं होगी। मध्यस्थ का निर्णय माध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996 के प्रावधानों और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अधीन करार के लिए दोनों पक्षों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा। पक्षकार स्पष्ट रूप से इस बात से सहमत हैं कि मध्यस्थता की कार्यवाही नई दिल्ली में की जाएगी। मध्यस्थता की भाषा केवल अंग्रेजी होगी।

(मनीष नेगी)

वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (सामान्य प्रशासन)

फोन नंबर 011–23664–141 / 142

संलग्नकः–उपरोक्त

नोटः सीलबंद कोटेशन जो कि वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी(जीए), भादूविप्रा, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (पुरानी मिंटो रोड), नई दिल्ली– 110002 के नाम हो और जिस पर स्पष्ट रूप से ''भादूविप्रा कार्यालय, नई दिल्ली में विजिटिंग कार्ड, लेटर पैड, वाउचर, स्लिप पैड और रजिस्टर आदि के मुद्रण और आपूर्ति के लिए'' लिखा हो, को दिनांक 21 नवम्बर, 2019 को अपराह्न 3:00 बजे तक ही इस कार्यालय में भेजा जाना चाहिए। एलटीई को निविदा मूल्यांकन समिति (टीईसी) द्वारा उसी दिन दोपहर 3:30 बजे भादूविप्रा, महानगर दूरसंचार भवन में बोलीदाता, जो उपस्थित होना चाहते हों, की उपस्थिति में खोला जाएगा। इस संबंध में कोई भी प्रश्न भादूविप्रा के कार्यालय से दिनांक 21 नवम्बर, 2019 को अथवा उससे पहले किसी भी कार्य दिवस पर काम के घंटों के दौरान 12:00 बजे तक पूछा जा सकता है।

अनुबंध– I

<u>आवश्यक वस्तुओं का तकनीकी विवरण और अनुसूची</u>

| क्र. सं. | कार्य का मद | अनुमनित मात्रा (वार्षिक) |
|---|---|---|
| 1 | विजिटिंग कार्ड विदाउट मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) |
| 2 | विजिटिंग कार्ड विद एम्बोस्ड मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) |
| 3 | विजिटिंग कार्ड विद डबल साईड प्रिंटिंग विदाउट मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) |
| 4 | विजिटिंग कार्ड विद डबल साईड प्रिंटिंग विद एम्बोस्ड मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) |
| 5 | सनशाईन पेपर 90 जीएसएम पर ए5 आकार के लैटर हैड | 50–पैड (प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) |
| 6 | सनशाईन पेपर 90 जीएसएम पर ए4 आकार के लैटर हैड | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) |
| 7 | डीओ इम्पोर्टिड पेपर 90 जीएसएम पर ए5 आकार के लैटर हैड | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) |
| 8 | डीओ इम्पोर्टिड पेपर 90 जीएसएम पर ए4 आकार के लैटर हैड | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) |
| 9 | 70 जीएसएम पेपर पर बैंक/कैश/जर्नल वाउचर पैड ( भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 150– पैड (प्रत्येक पैकेट में 50 शीट) |
| 10 | तीन/दो रंगों में क्रम संख्या के साथ ट्रिप्लिकेट/डुप्लिकेट में (22X13 1/2 से.मी. आकार में) भादूविप्रा रिसिप्ट/अक्नोलेजमेंट बुक (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 50 शीट) |
| 11 | ओएचडी/स्लिप पैड (22X13 1/2 से.मी.) 80 जीएसएम (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 20 शीट) |
| 12 | फाईल इंडेक्स रजिस्टर (22X21 से.मी.) 80 जीएसएम सनशाईन पेपर (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 50– रजिस्टर (प्रत्येक रजिस्टर में 200 शीट) |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | आर्ट –कार्ड 3–कलर (लाइट ग्रीन, पीला और नीला) (ए4 आकार) 350 जीएसएम (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 20–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 50 कार्ड) |

नोटः–

1. निविदा दस्तावेज के क्रम संख्या 1 से 13 में उल्लेख की गई प्रत्येक वस्तु का एक नमूना संलग्न किया जाना चाहिए।

अनुबंध –II

<u>आवश्यक वस्तुओं का तकनीकी विवरण और अनुसूची</u>

| क्र. सं. | कार्य का मद | अनुमनित मात्रा **(**वार्षिक) | यूनिट | प्रति यूनिट कर सहित मूल्य (रुपये) | कुल राशि( रुपये (3**X**5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | विजिटिंग कार्ड विदाउट मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) | प्रति पैकेट | | |
| 2 | विजिटिंग कार्ड विद एम्बोस्ड मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) | प्रति पैकेट | | |
| 3 | विजिटिंग कार्ड विद डबल साईड प्रिंटिंग विदाउट मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) | प्रति पैकेट | | |
| 4 | विजिटिंग कार्ड विद डबल साईड प्रिंटिंग विद एम्बोस्ड मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) | प्रति पैकेट | | |
| 5 | सनशाईन पेपर 90 जीएसएम पर ए5 आकार के लैटर हैड | 50–पैड (प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) | प्रति पैड | | |
| 6 | सनशाईन पेपर 90 जीएसएम पर ए4 आकार के लैटर हैड | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) | प्रति पैड | | |
| 7 | डीओ इम्पोर्टिड पेपर 90 जीएसएम पर ए5 आकार के लैटर हैड | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) | प्रति पैड | | |
| 8 | डीओ इम्पोर्टिड पेपर 90 जीएसएम पर ए4 आकार के लैटर हैड | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) | प्रति पैड | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 70 जीएसएम पेपर पर बैंक/ कैश/ जर्नल वाउचर पैड ( भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 150— पैड (प्रत्येक पैकेट में 50 शीट) | प्रति पैड | | |
| 10 | तीन/ दो रंगों में क्रम संख्या के साथ ट्रिप्लिकेट/ डुप्लिकेट में (22X13 1/2 से.मी. आकार में) भादूविप्रा रिसिप्ट/अक्नोलेजमेंट बुक (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 50— पैड (प्रत्येक पैकेट में 50 शीट) | प्रति पैड | | |
| 11 | ओएचडी/ स्लिप पैड (22X13 1/2 से.मी.) 80 जीएसएम (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 50— पैड (प्रत्येक पैकेट में 20 शीट) | प्रति पैड | | |
| 12 | फाईल इंडेक्स रजिस्टर (22X21 से.मी.) 80 जीएसएम सनशाईन पेपर (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 50— रजिस्टर (प्रत्येक रजिस्टर में 200 शीट) | प्रति रजिस्टर | | |
| 13 | आर्ट —कार्ड 3—कलर (लाइट ग्रीन, पीला और नीला) (ए4 आकार) 350 जीएसएम (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 20—पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 50 कार्ड) | प्रति पैकेट | | |
| कुल धनराशि (रुपये) | | | | | |

शब्दों में कुल राशि (.............................................................................................रुपये)

संलग्नः मद संख्या 1 से 13 के लिए नमूने।

मैं/हम भादूविप्रा के लिए मुद्रण और सामान की आपूर्ति करने और निम्नलिखित का पालन करने के लिए सहमत हूं :

1. दर्शाई गई निविदा अनुसूची और तकनीकी विवरण।
2. इस निविदा के लिए मद/ निविदा विशिष्ट शर्तें ।
3. निविदा दस्तावेज में छपे नियम और शर्तें।
4. मैं/ हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि इनपुट पर भुगतान किए जाने वाले जीएसटी आदि के लिए सेट ऑफ को मूल्य कोट करते हुए ध्यान में रखा गया है और सेट ऑफ के रूप में इस प्रकार के अतिरिक्त शुल्क जोकि जीएसटी इत्यादि के अंतर्गत भविष्य में उपलब्ध होंगे, का भुगतान करने पर सहमत हूँ।
5. यह प्रस्ताव निविदा खुलने की तारीख से 90 (नब्बे)दिनों के लिए मान्य है।

6. हमें किसी सरकारी उपक्रम द्वारा वर्जित नहीं किया गया है।

7. उद्धृत की यह दरें किसी भी सरकार/उपक्रम के लिए उस वस्तु के लिए उद्धृत दरों से अधिक नहीं है।

8. कि हमारे द्वारा भेजी गई इस बोली को उचित रूप से सील और तैयार किया गया है ताकि इसमें बाद में कोई परिवर्तन और प्रतिस्थापन न किया जा सके।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

फर्म/कंपनी की मुहर के साथ

हस्ताक्षरकर्ता का नाम ............................

फर्म का नाम और पता ..........................

ईमेल पता ..........................

फोन (लैंडलाइन) ..........................

मोबाइल नं. ........................

अनुबंध–3

घोषणा–पत्र

1. मैं,............पुत्र/ पुत्री/ पत्नी श्री.............. और .............(एजेंसी का नाम/फर्म का नाम) के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, इस घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर करने और इस एलटीई दस्तावेज को निष्पादित करने में सक्षम हूँ।

2. मैंने एलटीई के सभी नियमों और शर्तों को ध्यान से पढ़ा और समझा है और उनका पालन करने का वचन देता हूँ।

3. मेरी/हमारी एजेंसी/फर्म को भारत सरकार के किसी मंत्रालय/ विभाग तथा भारत सरकार के उपक्रम द्वारा न तो काली सूची में डाला गया है, न ही निविदा में भाग लेने से वर्जित/ दंडित किया गया है और न ही पिछल 3 वर्षो के दौरान खराब प्रदर्शन के कारण इसके करारों को समाप्त किया गया है।

4. उपरोक्त आवेदन के साथ प्रस्तुत सूचना/ दस्तावेज सत्य हैं और मेरे जानकारी और विश्वास से प्रमाणित हैं। मैं जानता हूं कि किसी भी झूठी जानकारी/ जाली दस्तावेज को प्रस्तुत करने पर उचित कानून के तहत अभियोजन के प्रति उत्तरदायित्व के अलावा किसी भी स्तर पर मेरे एलटीई को अस्वीकार किया जा सकता है।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर विधिवत

कार्यालय की रबर की मुहर लगाएं

नामः .....................................

पताः.........................................

चेक लिस्ट

बोली दस्तावेज के साथ संलग्न की जाने वाली मदें

| क्र.सं. | दस्तावेज |
|---|---|
| 1 | तकनीकी विवरण और दरों की अनुसूची (एसओआर) (अनुबंध –II) |
| 2 | बोलीदाता द्वारा घोषणापत्र (अनुबंध –III) |
| 3 | ईएमडी के रूप में 'भादूविप्रा' के फेवर में 3,000 रूपये (तीन हजार रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर 'नई दिल्ली' में देय। |
| 4 | जीएसटी पंजीकरण संख्या के लिए पंजीकरण का प्रमाण या जीएसटी लागू न होने, यदि कोई हो तो, के संबंध में घोषणापत्र। |
| 5 | इस एलटीई की विधिवत रूप से हस्ताक्षरित प्रति |

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन,
जाकिर हुसैन कॉलेज के निकट
नई दिल्ली–110002

नंबर 16–2/2019–जीए | दिनांकः 30 अक्तूबर, 2019

## बोली दस्तावेज़

विषयः भादूविप्रा कार्यालय, नई दिल्ली में विजिटिंग कार्ड, लेटर पैड, वाउचर, स्लिप पैड और रजिस्टर आदि के मुद्रण के लिए सील दर पर कोटेशन आमंत्रित करने के लिए नोटिस।

| | |
|---|---|
| जारी करने वाला कार्यालय : | भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा), महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (ओल्डमिंटो रोड), नई दिल्ली–110002 |
| निविदा संख्या : | नंबर 16–2/2019– जीए |
| निविदा जारी करने की तिथि : | दिनांक 30 अक्तूबर, 2019 |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथिः | दिनांक 21 नवम्बर, 2019 समय 15:00 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथिः | दिनांक 21 नवम्बर, 2019, समय 15:30 बजे। (यदि निविदा खोलने की तारीख भारत सरकार द्वारा छुट्टी घोषित की जाती है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर उसी समय पर खोली जाएगी) |
| निविदा प्रपत्र उपलब्ध हैं: | निविदा दस्तावेजों का एक पूरा सेट भादूविप्रा की वेबसाइट यानी http://www.trai.gov.in/content/tender.aspx से और भी सीपीपी पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| जमा धरोहर राशि : | मात्र 6,000 रुपये। |
| काम की कुल अनुमानित लागतः | दो साल की अवधि के लिए 3,00,000 लाख रुपये मात्र |
| सुरक्षा धरोहर राशि/ निष्पादन गारंटीः | 24 महीने के करार मूल्य का 10 प्रतिशत की राशि करार किए जाने पर। |

बोलीदाताओं को निविदा दस्तावेज को सावधानीपूर्वक पढ़ने और उसमें अंतर्विष्ट विभिन्न प्रावधानों को उनके निहितार्थों के साथ समझने का परामर्श दिया जाता है। ।

इच्छुक पात्र बोलीदाता बोली दस्तावेज की एक प्रति भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की वेबसाइट (www.trai.gov.in) और सीपीपी पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं। यदि संभावित बोलीदाताओं को निविदा के निबंधन और

शर्तों के बारे में कोई स्पष्टीकरण चाहिए हो तो बोलीदाता निविदा भेजने की अंतिम तिथि से पूर्व अधोहस्ताक्षरी से स्वयं या दूरभाष पर संपर्क कर सकते है।

(मनीष नेगी)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (सामान्य प्रशासन)

दूरभाष नंबर : 011–23664–141 / 14

<u>अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।</u>